26.08.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10PM

# प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भिंड जिले के औद्योगिक क्षेत्र में एक विनिर्माण इकाई का शुभारंभ किया।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश और राजनीतिक दलों का चुनाव खर्च बचेगा।
- मौसम केंद्र भोपाल ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

प्रधानमंत्री–खेलो इंडिया संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से खेलो इंडिया संवाद को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 समारोह के अंतर्गत मेरा युवा भारत – माय भारत राष्ट्रीय स्तर पर ये कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले के दो कॉलेजों के युवाओं की भागीदारी रहेगी। यह खेल, युवा नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी, स्वयंसेवा, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण को एक साझा मंच प्रदान करेगा। इससे युवाओं को देश की खेल संबंधी महत्वाकांक्षाओं से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह संवाद खेल, ओलंपिक आकांक्षाएं, युवा नेतृत्व, विकसित भारत और नशा मुक्त युवा सहित पांच विषयों पर केंद्रित होगा। खेलो इंडिया संवाद का उद्देश्य युवाओं को देश की खेल यात्रा से जोड़ना, उनकी आकांक्षाओं को साझा करना और एक सशक्त युवा–नेतृत्व वाले विकसित भारत के लिए विचार प्रस्तुत करना है। इस अवसर पर कल इंदौर में "खेलो इंडिया संवाद" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री–भिंड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भिंड जिले के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की विनिर्माण इकाई का शुभारंभ किया। 450 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित इस इकाई से 2 हजार से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो महीने से भी कम समय में मध्यप्रदेश में तीसरी बड़ी औद्योगिक इकाई की स्थापना हुई है। पहले गुना, शिवपुरी और अब मालनपुर में एशिया की सबसे बड़ी साबुन फैक्ट्री का शुभारंभ हुआ है।

## मुख्यमंत्री शिलान्यास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल पवित्र नगरी ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में भव्य पंचायतन मंदिर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 6 बजे मान्धाता पर्वत पर आयोजित होगा, जिसमें देशभर के पूज्य संत, धर्माचार्य एवं विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संत समाज एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया जाएगा। पंचायतन मंदिर का निर्माण आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित समन्वयवादी परंपरा को साकार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मंदिर के केंद्र में भगवान शिव का मुख्य देवालय होगा, जबकि चारों दिशाओं में भगवान विष्णु, भगवान सूर्य, भगवान गणेश एवं भगवती शक्ति के उप–देवालय स्थापित किए जाएंगे।

## नियुक्ति

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों में दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को अनुकंपा आधार पर संविदा पदों पर दी गई नियुक्तियों को नियमित करने कार्यवाही की गई है। इस प्रक्रिया के तहत मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने 43 अनुकंपा संविदाकर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की है।

## शिवराज सम्मेलन

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में आयोजित कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के 36वें वार्षिक सम्मेलन में आज कहा कि हम गांवों को खेती के हिसाब से इनोवेशन का सेंटर बना सकते हैं।

वहीं 'एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रेस से चर्चा करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इससे देश और राजनीतिक दलों का चुनावी खर्च बचेगा। साथ ही आचार संहिता के कारण विकास कार्यों में आने वाली रूकावट कम होगी....

## मुख्यमंत्री निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवास में रेलवे अंडरपास में जलभराव के दौरान बैरिकेड हटाकर स्कूल वैन निकालने और विद्यार्थियों की जान जोखिम में डालने की घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के मद्देनजर जिला और पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापरवाह मैजिक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, साथ ही स्कूल संचालक के विरुद्ध भी वैधानिक प्रकरण दर्ज किया है।

## आयोजन

रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्कूल, उच्च शिक्षा, संस्कृति, कृषि विकास और अन्य विभागों सहित कमिश्नर और कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र अनुसार रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त, को छात्रों के लिए स्कूलों में प्रकृति की रक्षा के लिए कहानी, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। बलराम जयंती 2 सितम्बर के अवसर पर बलराम कृषि महोत्सव के तहत कृषि संबंधी पारंपरिक कलारुपों की विशेष प्रस्तुतियों के साथ आधुनिक कृषि उपकरण एवं बीज और प्राकृतिक खेती केन्द्रित प्रदर्शनी, सह–संवाद जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितम्बर को प्रदेशभर में भव्य स्तर पर मनायी जायेगी। इस अवसर पर प्रत्येक जिले में कृष्ण मंदिरों,मठों, देवालयों का विशेष श्रृंगार एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान, मटकी सज्जा प्रतियोगिता, जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जायेगी।

## ओणम

नई फसल और प्रकृति के प्रति आभार का पर्व ओणम आज उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह भारत की समृद्ध संस्कृति और भाईचारे की भावना को दर्शाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओणम के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि खुशियों और उल्लास का यह त्योहार पूरी दुनिया में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। श्री मोदी ने कामना की है कि यह त्योहार लोगों में खुशी, एकता और समृद्धि की भावना को और मजबूत करेगा।

## ईद मिलाद–उन–नबी

पैगंबर हजरत मुहम्मद का जन्मदिन, ईद ए मिलाद–उन–नबी, आज प्रदेश में धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आज पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षाओं पर मिलाद महफिलें और सीरत सम्मेलन आयोजित किए गए। इस अवसर पर मिलाद जुलूस भी निकाले गए। राज्य के राजगढ़ सहित अन्य जिलों से भी ईद ए मिलाद–उन–नबी मनाये जाने के समाचार मिले है।

## मौसम

प्रदेश में अगले दो दिन भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग में तेज बारिश का दौर रहने की संभावना है। मौसम केंद्र भोपाल ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के भिंड, दतिया, राजगढ़, ग्वालियर, रीवा, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा ग्वालियर,उज्जैन, भोपाल, इंदौर जबलपुर, नर्मदापुरम,सागर,रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

## ई–श्रम पोर्टल

ई–श्रम पोर्टल के शुभारंभ के आज पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। यह भारत के असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 2021 में इस पोर्टल को शुरू किया था। इसके माध्यम से देश का पहला आधार–आधारित राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक डेटाबेस तैयार किया गया है।

## समाचार संक्षेप में :–

- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा में आयोजित बैठक में रीवा शहर में बाढ़ की समस्या को दूर करने के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की।
- अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय ने आज जिला जेल में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।
- आगरमालवा जिला जेल रक्षाबंधन पर्व पर बंदियों की बहनों को राखी बांधने हेतु प्रत्यक्ष मुलाकात की विशेष सुविधा रहेगी।
- मंडला जिले के ग्राम चाबी में स्व.सहायता समूह की बैठक में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।
- मुरैना में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल बाल सम्प्रेक्षण गृह एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया गया।
- त्योहारों के मद्देनजर नर्मदापुरम जिले में दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान जारी है।

-----------------------------